राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

28 जनवरी 2023: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 42

देश मेरे देश

आज की कविता

"देश मेरे देश तेरा कितना प्यारा नाम है तेरे झंडे को सलाम है।" अभी अभी गई है 26 जनवरी और हमने देखा सभी जगह फहराता हुआ तिरंगा झण्डा। बच्चे और बड़े सबने इसको सलाम किया। तुमने झंडे का गीत सुना है क्या? क्या हैं इसके तीन रंग? क्या है इसकी शान? पूरी कविता सुनने के लिए इस चित्र पर क्लिक करें ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Nimboo Kids

चाँद की टोपी

आज की कहानी

चिंटू को मेले से माँ ने एक सुंदर नीली टोपी दिलाई। पर टोपी आंधी में उड़ गई और एक पेड़ पर अटक गई। चिंटू दुखी हुआ। पर रात में जब उसने देखा तो वह टोपी तो चाँद ने लगा रखी थी। वह टोपी अब चाँद कि हो गई। क्या चिंटू को उसकी सुंदर टोपी चाँद ने वापस की? पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox



खाली गमला

आज की किताब

सम्राट को अपना उत्तराधिकारी चाहिए था। उसे फूलों से बेहद प्यार था। उसने बच्चों को बीज दिए कि सब इन्हें उगा कर लाएं। पिंग और सब बच्चो ने गमलों में रंग-बिरंगे फूल उगाए और सम्राट को भेंट करने के लिए चल पड़े। लेकिन लगातार खाद पानी और मिट्टी देने के बाद भी पिंग के बीज अंकुरित नहीं हुए ? अब क्या होगा ? क्या सम्राट सजा देंगे ? जानने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

हवा कार

आज की गतिविधि

आपने पेट्रोल और डीजल कार सुनी और देखी होगी। और अब तो इलेक्ट्रिक कार का भी जमाना है । लेकिन क्या कभी तुमने हवा कार के बारे में कुछ देखा या सुना है ? हवा से चलने वाली कार तुम भी बना सकते हो । इसके लिए चाहिए प्लास्टिक की एक खाली बॉटल, रबर बैन्ड, चार पहिये और कुछ तार बस! तो आओ देखते हैं इसे बनाने का पूरा विडिओ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

इबारती सवालों पर काम

टीचर्स कॉर्नर

भाषा की समस्या आगे जाकर गणित की समस्या बन जाती है। इबारती सवालों के साथ यही होता है कि बच्चे पढ़कर समझ ही नहीं पाते कि इसमें क्या परिस्थिति है और कौन सी गणित संक्रिया करके सवाल हल करना है। बच्चों के साथ काम के अपने अनुभव साझा करते हुए मारिया इस विषय पर कुछ रोशनी डाल रही हैं। आलेख पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

कक्षा में किताब

हमारा पुस्तकालय

पुस्तकालय में बच्चों का स्वतंत्र रूप से किताबें चुनकर पढ़ना उनके पाठक बनने की लिए जितना जरूरी और महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण है कहानी के इर्द गिर्द सार्थक और सहभागी बातचीत। कमलेश जोशी बच्चों के साथ एक कहानी पर हुई चर्चा का अपना अनुभव इस आलेख में रख रहे हैं । आइए पढ़ते हैं पूरा आलेख।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 144वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।